दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 234 मुरादाबाद, 14 December 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार



## अखिलेश यादव बोले, यूपी में अपराध नियंत्रण के दावे सिर्फ जुमले

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के अलावा बच्चे भी यौन उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। यह शासन और प्रशासन के लिए शर्म की बात है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में अपराध थम नहीं रहे हैं। मुख्यमंत्री के अपराध नियंत्रण के दावे सिर्फ जुमले भर रह गए हैं। जनता भय के माहौल में जीने को विवश है। जीरो टॉलरेंस अब जीरो हो गया है। महिलाओं के अलावा बच्चे भी यौन उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। यह शासन और प्रशासन के लिए शर्म की बात है।अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि लखनऊ में ही महिलाएं-बच्चियां सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री का एंटी रोमियो स्क्वाड और गश्ती पुलिस दल वारदातों के समय कहीं दिखाई नहीं देता है। सोमवार को एक अधिकारी की बेटी के साथ लखनऊ से बाराबंकी के 20 किलोमीटर रास्ते में दुष्कर्म की घटना हुई, जबकि इस बीच छह थाना क्षेत्र भी पड़ते हैं।आरोपी खुलेआम नशा करते दिखे, उन्होंने युवती को भी जबरन नशीला पदार्थ पिलाया, पर कहीं कोई हलचल नहीं हुई। ऐसे ही बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत महिला खंड शिक्षा अधिकारी ने बीएसए के स्टेनो पर परेशान करने की शिकायत की है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में हर चार दिन में एक बच्चा यौन शोषण का शिकार हो रहा है। अपराध की ये घटनाएं विचलित करने वाली हैं।

# मोहन यादव के सीएम बनने पर योगी आदित्यनाथ ने दी बड़ी प्रतिक्रिया



विधानसभा चुनाव के बाद मध्य प्रदेश को नया सीएम मिल गया है। बहुमत से जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया है। डॉ. मोहन ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने भी प्रतिक्रिया दी है। विधानसभा चुनाव के बाद मध्य प्रदेश को नया सीएम मिल गया है। बहुमत से जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया है। डॉ. मोहन ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने भी प्रतिक्रिया दी है।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ( ट्विटर ) पर लिखा, 'डॉ. मोहन यादव जी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की हार्दिक बधाई! मुझे पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में आप मध्य प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफल होंगे।

'मुख्यमंत्री योगी ने एमपी के नए उप मुख्यमंत्रियों जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल को भी बधाई दी। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, 'श्री जगदीश देवड़ा जी और श्री राजेंद्र शुक्ल जी को मध्य प्रदेश राज्य के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! आप दोनों का कार्यकाल उत्तम हो, यही कामना है।' वहीं, सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने डॉ. मोहन को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। इसके साथ ही यूपी सरकार पर भी निशाना साधा। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि एमपी वह संभालें, यूपी हम लोग देख लेंगे। उन्होंने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर योगी सरकार को घेरा। बोले, प्रदेश में आईएनडीआईए के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

## सदन में गूंजा DMF बैठकों में सांसदों को न बुलाए जाने का मुद्दा; सरकार बोली- नियमों में होगा संसोधन

जिला खनिज फाउंडेशन ( डीएमएफ ) की बैठकों में सांसदों को न बुलाए जाने के मुद्दा बुधवार को सदन में उठा। इस पर सरकार ने नियमों में संशोधन की बात कही है। संसद के शीतकालीन सत्र में बुधवार को लोकसभा में जिला खनिज फाउंडेशन ( डीएमएफ ) की बैठकों में सांसदों को आमंत्रित न किए जाने का मुद्दा उठा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने खुद इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि सांसदों को उनके क्षेत्रों में जिला खनिज फाउंडेशन की बैठकों के लिए आमंत्रित नहीं किया जाता है। इस पर सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि इन बैठकों में सांसदों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किए जाने के कारण नियमों में जरूरी संशोधन किए जाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उठाया मुद्दा- दरअसल, लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान जब कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी सवालों के जवाब दे रहे थे, तभी अध्यक्ष ओम बिरला ने इस मुद्दे का जिक्र किया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने जोशी से पूछा कि डीएमएफ की बैठकों में सांसदों को आमंत्रित नहीं किया जाता। ऐसे में आप इसके लिए नियम कब लाएंगे? उन्होंने आगे कहा कि सदन के अन्य सदस्य भी यही जानना चाहते हैं। प्रल्हाद जोशी ने दिया ये जवाब- कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि सरकार नियमों में संशोधन करेगी ताकि अनिवार्य रूप से सांसद और विधायक फाउंडेशन की गवर्निंग काउंसिल का हिस्सा हों। उन्होंने कहा कि खनन राज्य का विषय है और डीएमएफ की बैठकों में सांसदों, विधायकों को आमंत्रित करने के संबंध में सलाह जारी की गई थी, लेकिन कई जगहों पर इसका पालन नहीं किया जा रहा है। क्या है डीएमएफ?- बता दें कि जिला खनिज फाउंडेशन ( डीएमएफ ) एक गैर-लाभकारी संस्था है। यह खनन संबंधी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों और क्षेत्रों के लाभ के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से काम करती है। डीएमएफ के तहत धन एकत्र किया जाता है। इस धन का उपयोग केवल खान और खनिज ( विकास और विनियमन ) अधिनियम के तहत निर्धारित उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।




## आज सदन के अंदर कुछ भी हो सकता था..., संसद की कार्यवाही के दौरान हुई सुरक्षा चूक पर बोलीं डिंपल यादव




लोकसभा में कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में हुई चूक के मामले सपा सांसद डिंपल यादव ने चिंता जताई है। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से सुरक्षा चूक है। आज सदन के अंदर कुछ भी हो सकता था...जो भी लोग यहां आते हैं - चाहे वे आगंतुक हों या रिपोर्टर किसी के टैग नहीं हैं...सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। लोकसभा में कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में हुई चूक के मामले सपा सांसद डिंपल यादव ने चिंता जताई है। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से सुरक्षा चूक है। आज सदन के अंदर कुछ भी हो सकता था...जो भी लोग यहां आते हैं - चाहे वे आगंतुक हों या रिपोर्टर, किसी के टैग नहीं हैं...सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। सपा सांसद ने कहा कि सदन की कार्यवाही को देखने के लिए जो लोग आते हैं, वो इतनी मात्रा में होते हैं कि कई बार एक दूसरे से टकराने भी लगते हैं। ऐसे में सरकार को सुरक्षा के लिहाज से बड़े कदम उठाने की जरूरत है। लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना में 2 व्यक्ति विजिटर गैलरी से नीचे कूदकर सदन में आ गए और कथित तौर पर गैस उत्सर्जित करने वाली सामग्री फेंकी। दोनों को पकड़ लिया गया है। जिस वक्त सदन के अंदर धुंआ फैलाया जा रहा था, उस वक्त दो लोग बाहर भी कुछ इसी तरह का विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, जिन्हें सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया है। फिलहाल दिल्ली पुलिस के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# दो शख्स कूदे, जूते से कुछ निकाला और धुआं फैलने लगा; दो ने संसद के बाहर किया बवाल



लोकसभा की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार की कार्यवाही के दौरान दर्शकदीर्घा से दो शख्स करीब एक बजे अचानक कूदे। सांसदों और मार्शलों ने दर्शक दीर्घा में घुसे दोनों व्यक्तियों को मिलकर पकड़ लिया। संसद पर हमले की बरसी के दिन ही वहां सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो शख्स नीचे कूद गए। सांसदों ने दोनों शख्स को घेर लिया। लोकसभा की सुरक्षा में लगे मार्शल भी तुरंत दौड़कर आए और दोनों को पकड़ लिया। इससे कुछ देर पहले दो लोग संसद के बाहर प्रदर्शन करते दिखे। इनमें से एक महिला भी थी। इनके हाथ में कलर गैस था। दोनों ने बाहर इसका छिड़काव किया। दोनों को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। अब यह बात भी सामने आ रही है कि चारों एक-दूसरे को जानते थे। अब आइए जानते हैं पूरा घटनाक्रम विस्तार से... यह घटना बुधवार दोपहर एक बजकर एक मिनट पर हुई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल शून्य काल की कार्यवाही को संचालित कर रहे थे। मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। तभी दो शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए। नीले रंग की जैकेट पहना एक युवक शख्स सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघकर आसन की तरफ जाने लगा। अफरा-तफरी के माहौल के बीच कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाकर उसे घेर लिया। मार्शल भी दौड़कर आ गए। तभी उस युवक ने जूते के अंदर से कुछ पदार्थ निकाला। इसके बाद वहां पीले रंग का धुआं उठने लगा। बाद में सांसदों और मार्शलों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

### सांसद के मेहमान के तौर पर आया था शख्स

बताया जा रहा है कि दर्शक दीर्घा में कूदे दो शख्स में से एक मैसूर के सांसद के मेहमान के तौर पर संसद पहुंचा था। उसका नाम सागर बताया जा रहा है। बसपा से निष्कासित सांसद दानिश अली ने भी बताया कि पकड़े गए एक युवक का नाम सागर है। बता दें कि मैसूर से प्रताप सिम्हा भाजपा सांसद हैं।

### नारे लगा रहे थे युवक

बसपा सांसद मलूक नागर ने बताया कि उनकी सीट के बगल में ही अचानक एक युवक दर्शक दीर्घा से कूद गया। इसके तुरंत बाद दूसरा युवक भी वहीं कूदा। जब सांसदों ने एक युवक को घेर लिया तो उसने जूते से कोई चीज निकाली, जिससे धुंआ उठने लगा। दोनों युवक %तानाशाही नहीं चलेगी% नारा लगा रहे थे।

### हाथ में कुछ था, जिससे आवाज आ रही थी

पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने बाद में मीडिया को बताया कि एक व्यक्ति गैलरी से कूदा तो लगा कि शायद वह नीचे गिर गया है। तभी दूसरे व्यक्ति को दर्शक दीर्घा से कूदते देखा। इनमें से एक के हाथ में कुछ था, जिसमें पीले रंग का धुआं निकल रहा था, जबकि दूसरे के हाथ में कुछ था, जिससे पिट-पिट की आवाज आ रही थी। वे कुछ नुकसान नहीं कर पाए, उन्हें तुरंत काबू में कर लिया गया। हालांकि, उनका दर्शक दीर्घा से कूदना गंभीर विषय है। यह संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक है। जांच होगी और कार्रवाई होगी।

### आज ही संसद पर हमले की बरसी

संसद पर आतंकी हमले की बरसी भी आज ही है। 13 दिसंबर 2001 को आतंकियों ने पुराने संसद भवन पर आतंकी हमला किया था। घटना के बाद कई सांसदों ने संसद में इस घटना को सुरक्षा में बड़ी चूक बताते हुए सरकार से गंभीरता से कार्रवाई करने की अपील की। शिवसेना और बसपा सांसदों के अलावा कई और सांसदों ने भी संसद में हुई इस घटना की कड़ी निंदा की है।

### संसद के बाहर भी प्रदर्शन

ट्रांसपोर्ट भवन के बाहर संसद भवन के गेट के पास भी दो लोग आतिशबाजी करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। सदन में हंगामे के कारण स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही दोपहर करीब दो बजकर तीन मिनट पर दोबारा शुरू हुई। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को सुरक्षा के प्रति गंभीर होने का आश्वासन दिया और कहा कि सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस गहन पड़ताल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला गंभीर है, लेकिन फिलहाल सांसदों की सुरक्षा को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, हम सब की चिंता थी कि वह धुआं क्या था, प्राथमिक जांच में वह साधारण धुआं है। उसकी चिंता की जरूरत नहीं, उसकी प्रारंभिक जांच की गई है। फिलहाल, इस घटना के लिए कोई किसी को दोषी नहीं ठहरा रहा।

### जांच में सामने आएंगे तथ्य

उन्होंने कहा कि सांसदों के सुझावों पर अमल भी किया जाएगा। स्पीकर ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सांसदों के अनुमोदन पर दर्शकदीर्घा के लिए पास बनाने के नियम और शर्तों की समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, इसे सबके साथ साझा किया जाएगा।

उन्होंने आश्वस्त किया कि सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए अचानक कूदने वाले दोनों शख्स हिरासत में ले लिए गए हैं। पुलिस जांच कर रही है, सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलती रहेगी।

## संपादकीय Editorial

# Crowning of tribal

Vishnudev Sai, a dedicated RSS worker, Prime Minister Modi's first cabinet colleague, four-time Lok Sabha MP and prominent tribal leader, will be the new Chief Minister of Chhattisgarh. He will be the first tribal Chief Minister of BJP and the state. However, the first Chief Minister of Chhattisgarh, Ajit Jogi, also kept calling himself a tribal, but in 2019, the court had 'invalidated' his 'Scheduled Tribe' certificate, hence in administrative and political practice, Vishnudev was considered the first tribal Chief Minister of the state. Will go. It has been decided to make BJP state president Arun Sao and Vijay Sharma Deputy Chief Ministers. Dr. Raman Singh, who was the Chief Minister of Chhattisgarh for three consecutive times, will be given the responsibility of 'Speaker of the Legislative Assembly'. Vishnudev Sai is a seasoned leader of BJP-Sangh Parivar, because he has touched the 'climax' from Sarpanch to Chief Minister. In these assembly elections, BJP has snatched victory from the jaws of Congress by creating a new vote bank of tribals. There were no chances of BJP's victory in any of the election surveys. Clear projections were made for Congress to remain in power, but when the mandate was declared, all 14 seats in Surguja region and 8 out of 12 seats in Bastar went to BJP. It is also considered as 'Naxalism affected area'. The old, traditional tribal support base of Congress itself became polarized. Since BJP had elected tribal leader Draupadi Murmu as the President of the country in 2022 itself, and had declared the birthday of tribal god Birsa Munda as 'National Tribal Day', as a result these proved to be the two basic reasons for the polarization of tribals. Apart from this, RSS has done extensive work for the tribals in old Madhya Pradesh (now Chhattisgarh) through 'Banvasi Kalyan Ashram'. Along with Prime Minister Modi's 'guarantees', Chhattisgarh BJP leaders also assured about 33 percent population of the state, i.e. 30 out of total 90 assembly seats, that BJP is their friendly party.

The result is in front. In 2018, these tribal dominated areas had given a huge mandate to Congress. Now Modi-Shah's BJP has ensured vote banks of OBCs, Dalits and women, apart from tribals. In the recent mandates that have emerged in three states, the majority of votes from these communities have come in favor of the BJP. Surely this should benefit the party in the Lok Sabha elections also. This social structure can also become the 'political model' of BJP-Sangh Parivar. Can Chief Ministers be crowned on the same lines in Madhya Pradesh and Rajasthan? In fact, the biggest challenge before the Chief Ministers and organization of these three states will be to ensure that the maximum share of the 65 Lok Sabha seats in the 2024 general elections goes to the BJP. The aim is to make Narendra Modi the Prime Minister of the country for the third consecutive time. Today is the turn of Madhya Pradesh. By the time you read this editorial, the Chief Minister of Madhya Pradesh should be decided. Current Chief Minister Shivraj Singh Chouhan is the most popular Chief Minister in the state. He held public meetings on 165 seats and even today he is out campaigning for the Lok Sabha on the lost seats. The general feeling is that the national leadership of the Prime Minister, the Home Minister and the BJP President are now in favor of highlighting a new face. The same politics continues in Rajasthan also. Interestingly, there is no public outcry against prominent leaders of both the states. If a new face is brought in, loss in the Lok Sabha elections is also possible. In the remaining two states, leadership should be handed over to OBCs and women.

# Judiciary: Confirmation of the supremacy of Parliament, a big leap ahead of Kesavananda Bharti decision

This decision, which strengthens the rights of the Center and limits the judiciary, is a big leap forward for Kesavananda Bharti. Mark Twain had said that a lie travels half the world before the truth wears its shoes. Article 370 is part of Chapter 21 of the Constitution, titled 'Temporary and Transitional'. It took seven decades to expose the lie that this temporary provision was permanent. It was difficult to turn back the clock from the judicial decision of the apex court in this case. Chief Justice Chandrachud along with the remaining four judges of the Constitution bench will be the Chief Justice of the apex court in the future. By giving a unanimous verdict, all five judges have confirmed the supremacy of Parliament and the President under the Constitution. Some things have been said very clearly in this decision. Jammu and Kashmir is an integral part of India and after the merger the state was left with no internal sovereignty. Under Article 356, during President's rule, the President and the Parliament could take over the powers of the State Assembly. After the Constituent Assembly ceased to exist, there was no need for a referendum to remove Article 370. Under the Indian Constitution, Parliament and the Central Government have the power to convert any part of the state into a Union Territory. Therefore, the decision to make Ladakh a union territory without assembly is right. As per the assurance of the Solicitor General, elections will be held soon. Therefore, the apex court has not yet given its verdict on the issue of granting full statehood to Jammu and Kashmir and the interpretation of Article 3. Justice Kaul quoted the Ubuntu tradition prevalent in the Zulu tribe of South Africa as a humanistic example of compassion and forgiveness. The decision has been written on that basis. Mahatma Gandhi had a deep connection with South Africa. Will a commission investigating facts and truth increase trust in Kashmir or stories of hatred? In the era of lies and deceit in social media, its decision will be taken only in the court of public. The Supreme Court is considered the guardian of the Constitution, but it is not a panacea for every problem. Some people are criticizing this decision on the basis of morality. The reality is that Article 370 had become the biggest medium of corruption, nepotism and appeasement in Kashmir. Leaders, agitators and big lawyers need to understand that misuse of courts to craft narratives of truth or falsehood weakens democracy along with the Constitution. After the decision, the clouds of uncertainty will end in Kashmir, which is suffering from Pakistan-backed terrorism and infiltration. This decision, which strengthens the rights of the Central Government in matters related to national security and determines the limits of the judiciary, is a big leap forward for Kesavananda Bharti. It is easy to make specific provisions for any area or class on the lines of Article 370, but difficult to eliminate them. This requires awareness among leaders and governments. There can be many lessons from this decision for the judiciary. The credibility of the apex court was weakened due to delay of several years in hearing the cases pending since 2015. After that, there was a marathon hearing of this case for 16 days. In the Supreme Court of America, lawyers from each side get a chance to debate for half an hour. But in the Supreme Court of India, there is no time limit for hearing cases involving big lawyers, wasting valuable court time. This is compensated in cases involving the general public and junior lawyers. The apex court has taken a strict stand against the delay in decisions by the Governor and the Speaker. According to the guidelines issued by it, the decision should be taken within three months in the reserved cases after the hearing, which was not followed. According to judges, decisions should be concise and logical, which has been ignored in this decision. A review petition can be filed against it, but there is little possibility of it changing the decision. But if elections are not held in the state soon, a new round of litigation may start again.

# Article 370: Development, democracy and dignity now established with the decision of the Supreme Court

The Supreme Court has given a historic decision to abrogate Articles 370 and 35 (A). Disillusionment, disappointment and frustration have now been replaced by development, democracy and dignity in Jammu and Kashmir. The Supreme Court has given a historic decision to abrogate Articles 370 and 35 (A). The apex court has upheld the sovereignty and integrity of India. The Supreme Court is completely justified in saying that the decision taken on August 5, 2019 was taken with the aim of enhancing constitutional integration and not with the aim of disintegration. The apex court has also well recognized the fact that the nature of Article 370 was not permanent. I have had the opportunity to be associated with the Jammu and Kashmir movement since the early stages of my life. Jammu and Kashmir was not just a political issue, rather the issue was about fulfilling the aspirations of the society. Dr. Syama Prasad Mukherjee had got an important portfolio in the Nehru cabinet and he could have remained in the government for a long time. Nevertheless, he left the Cabinet over the Kashmir issue and chose the difficult path forward, even if it cost him his life. But due to his tireless efforts and sacrifice, crores of Indians became emotionally connected with the Kashmir issue. Many years later, Atal ji gave an impressive message of 'Humanity', 'Democracy' and 'Kashmiriyat' in a public meeting in Srinagar, which always inspires. Has also been a great source of. I have always firmly believed that what happened in Jammu and Kashmir was a major betrayal of our nation and its people. I also had a strong desire to do whatever I can to erase this stigma, this injustice done to the people. Article 370 and 35 (A) are big hurdles in front of Jammu, Kashmir and Ladakh. Were. Because of these, the people of Jammu and Kashmir never got the rights and development that their fellow countrymen got. Because of these articles, distances arose between people of the same nation. I was very clear about one thing – the people of Jammu and Kashmir want development and they want to contribute to the development of India on the basis of their strength and skills. They want a better quality of life for their children, a life free from violence and uncertainty. While serving the people of Jammu and Kashmir, we gave priority to three things – understanding the concerns of the citizens, building mutual trust through the actions of the government and giving priority to development, sustained growth. I remember, soon after we assumed power in the year 2014, there were devastating floods in Jammu and Kashmir, which caused a lot of damage in the Kashmir Valley. In September, 2014, I visited Srinagar to assess the situation and also announced Rs 1,000 crore as special assistance for rehabilitation. This also sent a message to the people that how sensitive our government is to help the people there during the crisis. I have had the opportunity to meet people from different walks of life in Jammu and Kashmir and one common thread emerges in these conversations – people not only want development, but they also want freedom from decades of corruption. That year I decided not to celebrate Diwali in memory of those who lost their lives in Jammu and Kashmir. I also decided to be present in Jammu and Kashmir on the day of Diwali. To further strengthen the development journey of Jammu and Kashmir, we have decided that the ministers of our government will visit there frequently and communicate directly with the people there. These successive visits also played an important role in maintaining goodwill in Jammu and Kashmir. The Special Package of 2015 was an important step towards meeting the development needs of Jammu and Kashmir. This included initiatives related to infrastructure development, employment generation, promotion of tourism and providing support to the handicraft industry. Recognizing the potential of sports to realize the dreams of the youth, we made full use of it in Jammu and Kashmir. Through various sports, we saw the transformative impact of sports activities on the aspirations and future of the youth there. The most unique thing among all these was the encouragement of establishment of football clubs at the local level. Its results turned out to be excellent. I am reminded of the name of talented football player Afshan Ashiq. She was part of a group that pelted stones in Srinagar in December, 2014, but when given the right encouragement she turned to football, was sent for training and excelled in the game. Panchayat elections also proved to be an important milestone in the direction of all-round development of this area. The success of the Panchayat elections indicated the democratic nature of the people of Jammu and Kashmir. The historic day of 5th August is engraved in the heart and mind of every Indian. Our Parliament passed the historic decision to abrogate Article 370 and since then a lot has changed in Jammu, Kashmir and Ladakh. All central laws are now implemented without any fear or favour, representation has also become more widespread than before. The three-tier Panchayati Raj system has come into force, BDC elections have been held, and refugee communities, who were almost forgotten, have also started getting the benefits of development. The major schemes of the Central Government have achieved 100 per cent of the target. housing, tap water There has been progress in connectivity and financial inclusion. Infrastructure has also been developed in the healthcare sector. Government vacancies, which were once prone to corruption and favoritism, have been filled through a transparent and fair process. The boost in infrastructure and tourism is there for all to see. Disillusionment, disappointment and frustration have now been replaced by development, democracy and dignity in Jammu and Kashmir. They want a better quality of life for their children, a life free from violence and uncertainty. While serving the people of Jammu and Kashmir, we gave priority to three things – understanding the concerns of the citizens, building mutual trust through the actions of the government and giving priority to development, sustained growth. I remember, soon after we assumed power in the year 2014, there were devastating floods in Jammu and Kashmir, which caused a lot of damage in the Kashmir Valley. In September, 2014, I visited Srinagar to assess the situation and also announced Rs 1,000 crore as special assistance for rehabilitation. This also sent a message to the people that how sensitive our government is to help the people there during the crisis. I have had the opportunity to meet people from different walks of life in Jammu and Kashmir and one common thread emerges in these conversations – people not only want development, but they also want freedom from decades of corruption. That year I decided not to celebrate Diwali in memory of those who lost their lives in Jammu and Kashmir. I also decided to be present in Jammu and Kashmir on the day of Diwali. To further strengthen the development journey of Jammu and Kashmir, we have decided that the ministers of our government will visit there frequently and communicate directly with the people there. These successive visits also played an important role in maintaining goodwill in Jammu and Kashmir. The Special Package of 2015 was an important step towards meeting the development needs of Jammu and Kashmir. This included initiatives related to infrastructure development, employment generation,.

# युवती की शादी से पहले कुवैत से वायरल की अश्लील तस्वीरें, चार पर एफआईआर

मुरादाबाद- कुवैत में रहकर नौकरी कर रहे युवक ने पूर्व में गांव आकर अपने पड़ोस की युवती के नहाते समय की चोरी-छिपे खींची गई तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल कर दिया है, जबकि युवती की 15 दिसंबर को ही शादी है। यही नहीं, जब पीड़िता की मां शिकायत लेकर आरोपी के घर गई तो उसके घर वालों ने उससे गाली-गलौज की और मारा पीटा। इतना ही नहीं, आरोपी के घरवाले उसके पीड़िता के घर में घुस गए और उसकी बेटी से छेड़छाड़ कर उसको अपने घर खींच ले गए हैं। इस मामले में पीड़िता में आरोपी समेत चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। मामला मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव का है। पीड़िता ने गांव के ही इंतजार और उसके भाई नावेद, अथर एवं परवेज को नामजद किया है। आरोपी इंतजार कुवैत में रह रहा है। महिला ने मूंढापांडे थानाध्यक्ष को बताया है कि वह जाटव जाति की गरीब परिवार घर की कमजोर महिला है। बिटिया का शुक्रवार को विवाह होना है, उससे पहले उसके नहाते हुए चोरी-छिपे फोटो खींचने वाले इंतजार ने उनका वायरल कर दिया है। आरोपी ने पहले वह तस्वीरें पीड़िता के बेटे के मोबाइल पर भेजी थीं। महिला का कहना है कि उसकी बेटी की वायरल तस्वीरों के संबंध में वह पिछले सप्ताह गुरुवार को शाम आठ बजे के दौरान शिकायत लेकर आरोपी इंतजार के घर गई थी। जहां आरोपी के भाई नावेद, अथर और परवेज ने उसे मारा। फिर ये लोग पीड़िता के घर में घुस आए और उसकी बेटी का हाथ पकड़कर खींचकर अपने घर ले जाने लगे तो पीड़िता की मां, उसकी दोनों पुत्रबधू ने आरोपियों से उसे छुड़ाने की कोशिश की। जिस पर तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज कर छेड़छाड़ भी की। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने इस घटनाक्रम के मामले में कोई कार्रवाई करने पर जान से मार देने की धमकी भी दी है। बिटिया की होने वाली ससुराल के लोगों को भी वायरल तस्वीरें भेजकर उसकी शादी तोड़वाने को धमकाया है।

## वायरल तस्वीर केवल सेल्फी वाली है - थानाध्यक्ष

मूंढापांडे थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि दोनों परिवार एक ही गांव के रहने वाले हैं। कुवैत में रहने वाले आरोपी युवक से युवती का प्रेम-प्रसंग दो साल से चल रहा है। युवती के घर वाले आरोपी के परिवार वालों से बेटी की शादी का खर्च निपटा देने का दबाव बना रहे थे। गांव के प्रधान ने भी हमें बताया है कि इन दोनों परिवारों के बीच में शादी के खर्च को लेकर 50,000 रुपये देने की बात बन भी गई थी। लेकिन, बाद में युवती के परिवार वाले इस मामले में राजी नहीं हुए और थाने आकर शिकायत कर रहे थे। कार्रवाई से पहले जांच कर मामला जान लेना जरूरी था लेकिन, तब तक आरोप लगाने वाली महिला मुरादाबाद जाकर एसएसपी के सामने पेश हो गई थी। फिर उच्चाधिकारी के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि महिला अपनी बेटी के संबंध आरोपी पर तस्वीरों के वायरल करने का आरोप लगा रही है, वह तस्वीर हमें देखी है। कोई अश्लील नहीं है बल्कि युवक-युवती की सेल्फी है।

# पुलिस अकादमी में भवनों की क्षमता होगी दोगुनी, 52.70 करोड़ स्वीकृत




मुरादाबाद- अकादमी में हास्टल, बैरक व अन्य अनावासीय भवनों की जल्द दोगुनी हो जाएगी क्षमता, एस्टीमेट को स्वीकृति मिलने के बाद शासन से अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को निर्देश डॉ. भीमराव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी की क्षमता को दोगुना करने के लिए अनावासीय भवनों के निर्माण के संबंध में पूर्व में भेजे गए एस्टीमेट को शासन ने मंजूरी दे दी है। अब भवनों की क्षमता दोगुनी करने के लिए कुल 52.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी मंजूरी के साथ ही शासन ने पुलिस मुख्यालय को पहली किस्त के रूप में 18.44 करोड़ रुपये उपलब्ध भी करा दिए हैं। इस मामले में शासन के अनु सचिव प्रभात रंजन ने अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को शासनादेश भी जारी कर दिया है। पुलिस अकादमी में अनावासीय भवनों की क्षमता को दोगुना करने के लिए अधिकारियों ने पूर्व में पुलिस मुख्यालय को कार्ययोजना भेजी थी। जिस पर मुख्यालय की तरफ से यह कार्ययोजना 26 अगस्त 2023 को शासन में भेजी गई थी। इसे प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति देते हुए शासन ने अनावासीय भवनों की क्षमता को दोगुना करने के लिए कुल 52,70,84,000 रुपये की स्वीकृति दी है। जिसके क्रम में पहली किस्त के तौर पर शासन ने मुख्यालय को 18,44,79,000 रुपये निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए जारी भी कर दिए हैं। नंबर गेम- 52,70,84,000 रुपये किए जाएंगे खर्च। 18,44,79,000 रुपये पहली किस्त में मिले। 500 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाली है अकादमी। 790 प्रशिक्षु पुलिसकर्मी ले रहे हैं प्रशिक्षण।

### पीटीसी में निर्माण कार्य की गति तेज

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) में इन दिनों निर्माण कार्य की रफ्तार में तेज देखी जा रही है। अधिकारी बताते हैं कि पीटीसी में संबंधित निर्माण कार्य अगले साल तक पूरा हो जाएगा। अभी संस्थान में मौजूद प्रशिक्षुओं की संख्या के मुताबिक, जगह का अभाव है। इसलिए प्रशिक्षुओं को चरण वार कई बैच में प्रशिक्षण देना पड़ता है। पीटीसी में केवल 23 कक्षाएं हैं। इनमें क्षमता से ज्यादा 1100 से भी अधिक प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले रहे हैं। पीटीसी में चल रहे निर्माण के मामले में कार्यदायी संस्था के अधिकारी बताते हैं कि नव निर्माण के तहत प्रधानाचार्य कक्ष पीटीसी परिसर में दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाना है। वर्तमान में प्रधानाचार्य कक्ष और उसके सामने की बाउंड्री को तोड़ा जाना है और यहां सब प्रशिक्षुओं के लिए कक्षाओं का निर्माण किया जा रहा है। यहां पीटीसी में चल रहे कार्य अगले वर्ष तक पूरे करने हैं।

### अकादमी में क्षमता से अधिक प्रशिक्षु ले रहे ट्रेनिंग

पुलिस अकादमी के सीओ हरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। अब कार्यदायी संस्था निर्माण कार्य प्रारंभ करेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए दोगुनी मानक क्षमता विकसित हो रही है। 500 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाली अकादमी है।

इसे 1000 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाली बनाया जाना है। वर्तमान में कुल 790 प्रशिक्षु पुलिस अकादमी में रहकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें 750 प्रशिक्षु उप निरीक्षक, 90 व 75 की संख्या के पुलिस उपाधीक्षक के दो बैच हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनावासीय वह बैरक एवं कार्यालय होते हैं, जिनमें परिवार नहीं रहते हैं। केवल प्रशिक्षु जवान निवास कर अपने प्रशिक्षण के समय को पूरा करते हैं।

# 76 साल बाद दरियापुर को जोड़ने के लिए बनेगा पुल, चार करोड़ की पहली किश्त जारी, लोगों को मिलेगी राहत



ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए शासन ने रोड और बूढ़ी रामगंगा पुल के लिए आठ करोड़ 74 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इसमें से चार करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गई है। पुल की लंबाई 58.12 मीटर होगी।आजादी के 76 साल बाद दरियापुर गांव को जोड़ने के लिए पक्की सड़क और बूढ़ी रामगंगा पर पुल बनेगा। शासन ने कार्य के लिए लोनिवि को चार करोड़ 37 लाख रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने शीघ्र ही कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। संभावना है कि जनवरी तक टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने रोड और बूढ़ी राम गंगा पर पुल का निर्माण करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। इसके पहले पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने राज्यसभा सांसद रहते हुए दरियापुर गांव को गोद लिया था। ग्रामीण वर्षों से यहां सड़क और पुल बनाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के सड़क पर उतरने के बाद खबरें प्रकाशित की। इसे जनसरोकार का मुद्दा बनाया। इस मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष कई बार सवाल किया। वे सड़क और पुल बनाने के लिए लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद से पैरवी करते रहे। ग्रामीणों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया था कि बरसात के दिनों में गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर जाता है। पक्का रास्ता न होने से गांव में कोई इमरजेंसी हो जाए तो गांव में एंबुलेंस, पुलिस, फायर ब्रिगेड तक नहीं पहुंच सकती है। इस मामले में दरियापुल के रहने वाले अमीचंद्र सैनी ने भाजपा नेताओं के यहां काफी भागदौड़ की थी।

### सड़क और पुल के लिए शासन से आठ करोड़ 74 लाख मंजूर

तहसील क्षेत्र के गांव दरियापुर को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग ने जून 23 में शासन को करीब नौ करोड़ दस लाख रुपये का प्रस्ताव शासन भेजा था। इस मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की पैरवी के लिए रोड और पुल के लिए वित्त समिति ने मंजूरी दी। इसके बाद रोड इस प्रस्ताव की फाइल नाबार्ड में अटक गई थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने फिर इस मामले में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के अलावा शासन के अधिकारियों से दीपावली के समय बात की थी। चार दिन पहले रोड और पुल के लिए शासन से मंजूरी दी। शासन ने रोड और बूढ़ी रामगंगा पुल के लिए आठ करोड़ 74 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इसमें से चार करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गई है। पुल की लंबाई 58.12 मीटर होगी। इस बारे में लोनिवि के अधिशासी अभियंता नवेद खां का कहना है कि उनको रोड और पुल निर्माण के लिए शासन से शासनादेश मिल गया है। सहायक अभियंता अरविंद अग्रवाल का कहना है कि अभी टेंडर और अन्य प्रक्रियाओं में करीब डेढ़ माह लगेंगे।

### गांव पहुंचने के वैकल्पिक मार्ग लंबे और जटिल

कांठ तहसील से पायंदापुर होते हुए दरियापुर के लिए रास्ता जाता है।

इस मार्ग की लंबाई 15 किमी है, लेकिन रास्ते में घना जंगल पड़ता है। दूसरा मार्ग कांठ तहसील से गेंडाजूड, भगवानपुर रैनी होते हुए 25 किलोमीटर दूर दरियापुर गांव जाता है। इस मार्ग के लिए दो बार नौ करोड़ 61 लाख और नौ करोड़ दस लाख का एस्टीमेट भेजा गया था।

# उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की एक बैठक मेरठ में संपन्न हुई बैठक




क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की एक बैठक मेरठ में संपन्न हुई बैठक में पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला चेयरमैन व महानगर चेयरमैन उपस्थित रहे। मीटिंग में मुख्य एजेंडा 20 दिसंबर 2023 से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से माननीय राहुल गांधी जी सांसद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस एवं कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता परिवर्तन पदयात्रा पर निकलेंगे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होती हुई मुरादाबाद भी पहुंचेगी भारतीय जनता पार्टी को केंद्र से हटाने के लिए प्रदेश में जन जागरण को करने के लिए पदयात्रा करेगी इस पदयात्रा के कारण बड़े नेताओं को आमजन के बीच जाने का मौका मिलेगा जिससे आमजन की परेशानियों को नेता जमीनी स्तर तक देख सकेंगे एवं कांग्रेस का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाएंगे मेरठ की इस मीटिंग में तैयारी को लेकर अल्पसंख्यक विभाग की ओर से यात्रा की तैयारी को लेकर मीटिंग की गई मीटिंग में सभी वक्ताओं ने अपने सुझाव रखें एवं यात्रा को सफल बनाने के लिए अपने-अपने नजरिया जाहिर किया जनपद मुरादाबाद से भी कांग्रेस कार्यकर्ता मीटिंग में भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल सबरी व महानगर चेयरमैन इरशाद हुसैन मीटिंग में शामिल हुए अफजल साबरी जिला चेयरमैन कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राहुल गांधी जी लगातार आमजन व जमीनी स्तर के मुद्दों को उठा रहे हैं और जनता के लिए संघर्ष कर रहे हैं इसी को देखते हुए 2024 में आम जनता कांग्रेस को मौका देगी राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाएगी भाजपा के नेता लगातार झूठे वादे कर जुमलेबाजी करते हुए जनता को ठग रहे हैं जनता लगातार झूठे वादों की व महंगाई की मार झेल रही है इसलिए जनता भाजपा से त्रस्त होकर आम जनता भाजपा को उखाड़ने का काम करेगी राहुल गांधी जी को सरकार में लाने का काम करेगी इसके अतिरिक्त मुरादाबाद में जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के बीच विशेष कर मुस्लिम वर्ग के बीच राहुल गांधी जी का संदेश एवं कांग्रेस का संदेश पत्र वितरण कर पहुंचाया जाएगा इरशाद हुसैन महानगर चेयरमैन ने अपनी बात रखते हुए कहा तैयारी को लेकर मुरादाबाद में मीटिंग की जाएगी एवं रैली को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कार्यकर्ताओं की तरफ से किया जाएगा ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मेडिकल छात्रों की पढ़ाई में मददगार बनेगी प्रेम कुमारी की देह, रिसर्च करेंगे छात्र; परिवार ने दान की बॉडी

रामपुर नागरिक समाज के अध्यक्ष सतीश भाटिया ने बताया कि पहला देहदान जिला अस्पताल के पास रहने वाले ग्रीश चंद्र श्रीवास्तव, दूसरा देहदान देहदान आवास विकास निवासी जुगल किशोर जैन, तीसरा पट्टी टोला निवासी आशा गुप्ता, चौथा आवास विकास निवासी शरद गुप्ता का हुआ था। अब यह पांचवां देहदान हुआ है। रामपुर की 95 साल की प्रेम कुमारी जैन की देह से टीएमयू के मेडिकल कॉलेज के छात्र रिसर्च करेंगे। उनकी देह को निधन के कॉलेज को दान कर दिया। निधन के बाद नेत्रदान भी कुछ लोग मृत्युपरांत नेत्रदान करते हैं तो कुछ लोग देह प्रेम कुमारी जैन ने कुछ समय पहले मृत्युपरांत नेत्रदान प्रेम कुमारी जैन का देहांत सोमवार की रात में हो गया देहदान का निर्णय लिया। रामपुर नागरिक समाज के बेटे इंजीनियर वीरेंद्र जैन, सतेंद्र जैन और जितेंद्र कुमार था,जिसके बाद टीएमयू के मेडिकल कॉलेज से संपर्क देहदान कराया गया है। प्रेम कुमारी का पहले नेत्रदान उनकी देह से अब रिसर्च की जाएगी। देहदान कराने



बाद परिवार के लोगों ने उनकी इच्छा के अनुसार मेडिकल किया गया। दान पुण्य के नाम पर बड़े बड़े काम किए जाते हैं। दान। रामपुर में कलक्ट्रेट के सामने रहने वाली 95 साल की और देहदान दोनों करने की अंतिम इच्छा परिजनों से जताई थी। था। उनकी आखिरी इच्छा के अनुसार परिवार वालों ने उनका अध्यक्ष सतीश भाटिया ने बताया कि प्रेम कुमारी जैन के तीनों जैन ने नेत्रदान के साथ देहदान कराने के लिए संपर्क किया साधा गया,जहां से देहदान की प्रक्रिया शुरू कराई गई। उनका कराया गया और फिर टीएमयू को देहदान कर दिया गया। की प्रक्रिया रामपुर नागरिक समाज ने वर्ष 2013 में की थी।

अब तक पांच लोग देहदान कर चुके हैं। रामपुर नागरिक समाज के अध्यक्ष सतीश भाटिया ने बताया कि पहला देहदान जिला अस्पताल के पास रहने वाले ग्रीश चंद्र श्रीवास्तव, दूसरा देहदान देहदान आवास विकास निवासी जुगल किशोर जैन, तीसरा पट्टी टोला निवासी आशा गुप्ता, चौथा आवास विकास निवासी शरद गुप्ता का हुआ था। अब यह पांचवां देहदान हुआ है। प्रेम कुमारी जैन के निधन के बाद गांधी समाधि के निकट एक मंडप में उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्रेम कुमारी जैन द्वारा देहदान किए जाने को महादान बताया। इस मौके पर भारत भूषण जैन, किशोरी लाल, बिलासपुर के समाजसेवी संदेश जैन, अखिलेश जैन, विनोद बिहारी जैन,दिनेश जैन, रमेश जैन, नरेंद्र कुमार जैन, अशोक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# एलासपुर अगइया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
अमरीक सिंह



बहराइच- रिसिया- विकसित भारत यात्रा के अंतर्गत रिसिया ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा एलासपुर अगइया पंचायत भवन के निकट में हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन,आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि संजय जयसवाल ने की,मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि संजय जयसवाल मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम में एलसीडी के मध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को चौराहों पर गांव-गांव,गली-गली में चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया,कार्यक्रम मे सैकड़ो की संख्या में आए हुए लाभार्थियों को मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड,सौचालय प्रमाण पत्र का किया वितरण,कार्यक्रम मे किसान सम्मान निधि,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,जल जीवन मिशन,खाद रसद विभाग द्वारा योजनाओं संबंधी सहित अन्य तमाम योजनाओं को गहनता से जानकारी दी,और उन योजनाओं को लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया।मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि संजय जयसवाल ने बताते हुए कहा की ऐसे अयोजनो के मध्यम से भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, देश की एकता को शुद्धण करेंगे । इस अवसर पर ऐ.डी.ओ गुलामुद्दीन जिलानी, अशोक शर्मा सभासद रिसिया, ग्राम पंचायत अधिकारी जनार्दन विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान आशीष कुमार वर्मा , मंडल अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, अध्यक्ष अमरजीत सिंह, आयुष अग्रवाल, महेश अग्रवाल, एडवोकेट बांकेलाल, आनंद स्वरूप , जिसकी मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि संजय जयसवाल ने आदि आम जनमानस एवं विभिन्न योजनाओं के प्रतिनिधि एवं उनके स्टाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ लिया।

# अवैध चरस के साथ गिलौला पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल




श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम एवं उसमें लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के सभी प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में थाना गिलौला पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ़्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष शैलकान्त उपाध्याय थाना गिलौला व पुलिस टीम ने 01 अभियुक्त राम छबीले पुत्र राम पदारथ नि0 ग्रा0 लोनियनपुरवा दा0 लालपुर महरी, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती को 560 ग्राम अवैध चरस के साथ बैराज से हरिहरपुर जाने वाली नहर पटरी से गिरफ्तार किया।बरामदगी के आधार पर थाना गिलौला पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का डंडिया में हुआ जोरदार स्वागत सम्मान, लाभार्थियों को मिले आवास,खिले चेहरे

क्यूँ न लिखूँ सच




बरेली-रिठौरा। विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को डंडिया, कुवंरपुर बंजरिया में पहुंचे यात्रा के मुख्य अतिथि शिवमंगल सिंह राठौर प्रदेश प्रमुख युवा मोर्चा,का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत सम्मान किया। स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस मौके पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबियां सौंपी, महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन के प्रपत्र एवं सिलेंडर दिए,सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं से अवगत कराया।

उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया आज गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं देश की सबसे बड़े लोगों की शुमार में हैं। आने वाला कल विकसित भारत का होगा।इस मौके पर बीडीओ शिखर गुप्ता,ग्राम प्रधान शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डाक्टर माजिद अली अंसारी, राजीव उर्फ़ लव-कुश साहू, रमेश वर्मा, डॉक्टर आर0एल0डाक्टर शांदुल, डॉक्टर बीपी सिंह,मंजू राठौर अभिषेक कुमार , कासिम अली, नरेंद्र गंगवार ,विजय पटेल, रामकुमार डॉक्टर तारिक, राशिद अली,

# शामली सिद्ध पीठ प्राचीन श्री शिव मंदिर गुलजारी वाला शिवालय पर सोलवा विशाल अखंड भंडारा

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



शामली 850 वर्ष प्राचीन श्री शिव मंदिर गुलजारी वाला शिवालय पर आज सोलवा विशाल अखंड भंडारे का आयोजन किया गया श्री ब्राह्मण गुरुदेव थानापति महंत श्री संतोष गिरी जी की 16वीं पुण्यतिथि पर संगीत में सुंदरकांड पूजा हवन एवं विशाल अखंड भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें छप्पन भोग महादेव का भव्य श्रृंगार एवं महादेव की भव्य आरती का आयोजन किया गया बाहर से आए साधु संतों के लिए करने के लिए उनके प्रसाद की एवं शामली शहर के भक्तजनों के लिए प्रसाद गुप्ता व्यवस्था बाबा भोलेनाथ की कृपा से गुलजारी वाले मंदिर की ओर से की गई है जिसमें श्री महंत शैलेंद्र गिरी जी का कहना है कि सभी भक्तों को प्रसाद मिलना चाहिए कोई भी यहां से बिना प्रसाद के कोई भी भक्त बाबा भोलेनाथ के दरबार से ना ना जाए बाबा भोलेनाथ की सभी पर कृपा बनी रहे उन्होंने कहा कि यह अखंड भंडारा हर साल 12 और 13 तारीख को होता है कामना के साथ निवेदक श्री महंत शैलेंद्र गिरी जी महाराज अंतर्राष्ट्रीय चुना अखाड़ा एवं सभी भक्तजन मौजूद रहे

# त्योथार विधायक सिद्धार्थ तिवारी की जीत की खुशी में स्वच्छाग्रही संघ ने बड़े हनुमना मंदिर पर माथा टेक कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की


क्यूँ न लिखूँ सच
शिवकुमार मिश्र



रीवा मध्य प्रदेश स्वच्छाग्रही महासंघ के द्वारा सिद्धार्थ तिवारी को जीत की खुशी में को दी गई हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं स्वच्छाग्रही संघ के प्रत्येक पदाधिकारी तथा रीवा एवं मऊगंज जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियुक्त स्वच्छाग्रही के चेहरे पर आई खुशी सिद्धार्थ तिवारी को विंध्य में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी इस कयास में रीवा , मऊगंज , हनुमना , देवतालाब , नईगढ़ी एवं त्योंथर,जवा,सिरमौर, गगेव के स्वछग्रहियों के चेहरे पर छाई खुशी । विंध्य के स्वच्छाग्रहियो पर तो उस दिन ही खुशी छा गई थी जिस दिन त्योथर से सिद्धार्थ तिवारी राज एवं रीवा से राजेंद्र शुक्ला , मऊगंज से प्रदीप पटेल की जीत हासिल हुई है उसके बाद अब एक और खुशी का दौर आया है जब हमारे विंध्य के धरती पर जन्में राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री का दर्जा दिया गया है और वहीं साथ ही सिद्धार्थ तिवारी को मंत्री पद का दर्जा मिलेगा इस कयास में हमारे प्रत्येक जिला रीवा एवं जिला मऊगंज के स्वच्छाग्रहियो के द्वारा ईश्वर पर आस्था रखते हुए अपने यहां के प्रसिद्ध मंदिरों में जा कर पूजा अर्चना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई । विंध्य के जनता को एक खुशी का मौका मिला है एवं इसी खुशी में स्वच्छाग्रही संघ के 26000 स्वच्छाग्रहियों के द्वारा राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई । जय स्वच्छता जय स्वच्छता जय भाजपा विजय भाजपा स्वच्छता ही सेवा है सेवा परमो धर्म-स्वच्छाग्रही महासंघ के रीवा जिला अध्यक्ष पारस मिश्रा एवं मऊगंज के जिला अध्यक्ष कृष्णबहोर मिश्रा, हनुमना के जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी , मऊगंज के जिला सचिव अजय कुमार तिवारी , मऊगंज जनपद अध्यक्ष आशुतोष चतुर्वेदी, सुधा शुक्ला , सुधा तिवारी , शशिकला शुक्ला , पार्वती तिवारी , मनोज तिवारी , मदनलाल कुशवाहा , अवनीश पटेल , सूरज पटेल , संदीप त्रिपाठी , धीरज पाठक , राजकुमार नामदेव , रामनारायण कुशवाहा , अमरीश मिश्रा , यसपाल पटेल , संजय पाल शिवदास गुप्ता , नरेंद्र तिवारी , सतेंद्र तिवारी , अन्य स्वच्छाग्रही साथी जिला रीवा के त्योंथर से अमर मिश्रा , पारस मिश्रा , सज्जन दुबे , आलोक मिश्रा , ममता सहू , पुष्पा माझी , धरमपाल , प्रदीप सिंह एवं हनुमना और त्योथर के अन्य हृदयांशिक स्वछाग्रही के द्वारा सिद्धार्थ तिवारी को दी गई हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भिनगा का किया आकस्मिक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती-जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ केन्द भिनगा का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनगा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और डॉक्टर द्वारा मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधा की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधीक्षक को अस्पताल में हमेशा साफ-सफाई दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण काउंटर, प्रसव कक्ष, एक्स-रे वार्ड, जनरल वार्ड, जननी सुरक्षा वार्ड, मुख्य औषधि भंडार, पी0आई0सी0यू0 वार्ड, बी0पी0एम0यू0 कक्ष, यू0आई0पी0 स्टोर, इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0 मरीज पंजिका आदि का बारीकी से निरीक्षण कर जानकारी ली और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार कर उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं अनिवार्य रूप मुहैया कराई जाय।

प्रसव के लिए आई महिलाओं की डिलवरी के बाद उनकी और उनके नवजात शिशुओं की बेहतर ढंग से देखभाल की जानी चाहिए, अगर लापरवाही की शिकायत मिली तो निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी। उन्होने यह भी कहा कि प्रसव कक्ष एवं जच्चा-बच्चा वार्ड में मरीजों को कोई दिक्कत न होने पावे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि स्वास्थ्य सेवा में हीला-हवाली अब बर्दाश्त नही की जाएगी और लापरवाही बरतने पर चिकित्सक/पैरामेडिकल कर्मियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर का हुआ समापन

क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।भगवान महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे दो दिवसीय श्रवण बाधित दिव्यांग जनों के लिए शिविर के दूसरे , अंतिम दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के कर कमलों द्वारा हुआ। उन्होंने शिविर का निरीक्षण कर अपने हाथों से श्रवण बाधित बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों को श्रवण यंत्र बांटें। उनका स्नेह पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।समिति ने उनसे अनुरोध किया की बरेली जिले में विशाल कैंप लगाकर कृत्रिम हाथ, पैर व कैलिपर आदि जरूरतमंदों को प्रदान करने पर समिति विचार कर रही है, तो उन्होंने बरेली के साथ पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर को भी लाभान्वित करने के लिए हर प्रकार की सहायता देने का आश्वासन दिया है। समिति ने उनका आभार व्यक्त किया है। मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने बताया की शिविर के अंतिम दिन 50 बच्चों और 10 वरिष्ठ नागरिकों को कान की मशीन परीक्षण कर वितरित की गई। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया की अगले 2 महीने में समिति दिव्यांगो के लिए बरेली मंडल स्तर पर कैंप लगाने के लिए तैयारी कर रही है। समिति ने उपस्थित जनों से भगवान महावीर के अहिंसा पथ पर चलते हुए मांस, मदिरा के त्याग करने की भी अपील की। कार्यक्रम में सचिव कृष्ण कुमार जैन, डॉ ए.के.जैन, नीना जैन, राजीव जयपति, देवेंद्र जैन, सुनील जैन, राजकुमार जैन, सुमन कुमार जैन आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

